तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

[भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा]

14 अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग को ऑटो संघ...



14 एसआईआर में छूटे और युवा मतदाताओं के चिन्हांकन...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
09 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
19

खबर संक्षेप



भानुप्रतापपुर में निकाली गई सेवा ज्योति यात्रा

भानुप्रतापपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार शाम भानुप्रतापपुर में सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। आयोजकों के अनुसार 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा के 25 वर्ष पूरे होने पर यह आयोजन किया गया। यात्रा में सेवा, सुशासन, विकास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित के संदेश दिए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने सहभागिता की।

दो बच्चों को रायपुर में मिला निःशुल्क उपचार

कांकेर। चिरायु योजना के तहत अंतागढ़ क्षेत्र के स्कूलों में स्वास्थ्य जांच के दौरान दो बच्चों में जन्मजात मोतियाबिंद की पहचान हुई। ग्राम लामन निवासी अविनाश नेताम और ग्राम चंगोड़ी निवासी गजेंद्र कोमरा को चिरायु टीम ने रायपुर रेफर किया। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर दोनों बच्चों का निजी अस्पताल में निःशुल्क उपचार कराया गया। उपचार के बाद दोनों के स्वास्थ्य में सुधार है। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग और चिरायु टीम के प्रति आभार जताया।



इलाज से पूर्व अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए व्यक्ति का इलाज से पहले ही मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति को जिला अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने परिक्षण कर बताया की अज्ञात व्यक्ति की मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

फांसी लगाकर जान दे दी, कारण अज्ञात



कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत माहुरबंदपारा कांकेर निवासी 42 वर्षीय दिलीप कुमार कोर्राम पिता स्व. रजउराम ने 7 अक्टूबर को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के बड़े भाई ने पुलिस को बताया कि मृतक ने घर के कमरा में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

कांकेर। छोटेबेठिया थानांतर्गत जुनावार निवासी 23 वर्षीय रूसी तिम्मा पिता दसरू तिम्मा ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पखांजुर से मर्ग डायरी छोटेबेठिया थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।



भालू-मानव संघर्ष पर लगेगा ब्रेक, एआई से होगी वन्यप्राणियों की निगरानी

वन्यप्राणियों का संरक्षण और संवर्धन हम सब की जिम्मेदारी : केदार कश्यप

लाख विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र, माकड़ी कांकेर में आयोजित राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वन्यप्राणी हमारी धरोहर और हमारी पहचान हैं। वनों के साथ-साथ वन्यप्राणियों का संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। हमें प्रकृति और वन्यप्राणियों के साथ सह-अस्तित्व की भावना से रहना होगा। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्यप्राणियों को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कांकेर वनमंडल में रेडियो कॉलरिंग, एआई अलर्ट सिस्टम-आधुनिक रेस्क्यू वाहन को मिली मंजूरी



भालुओं का संरक्षण एक साल में हो जाएगा

कांकेर जिले में भालुओं के संरक्षण के संबंध में वन मंत्री ने कहा कि भालुओं के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी एक वर्ष के भीतर कांकेर में भालू-मानव संघर्ष की समस्या को काफी हद तक दूर करने का प्रयास किया जाएगा। भालुओं को उनके प्राकृतिक रहवास में संरक्षित करने के साथ ही उनके प्राकृतिक आवास में ही पर्याप्त प्राकृतिक भोजन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भालुओं की निगरानी एवं सुरक्षा के लिए कांकेर में एआई अलर्ट सिस्टम विकसित किया गया है। वन मंत्री ने कांकेरवासियों से अपील करते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों के अपशिष्ट को घरों के बाहर खुले में न फेंकें, क्योंकि इससे भालू आकर्षित होते हैं और मानव-वन्यप्राणी संघर्ष की स्थिति निर्मित हो सकती है।

तीन किताबों का हुआ विमोचन

आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री एवं अन्य सभी अतिथियों ने कांकेर की धरा में गोमार्डा वन्य जीव अभ्यारण एवं गुरूघासी दास तमोरपिंगला टाइगर रिजर्व और अचानकमार की जीती जागती कहानी-झुमरी की जुबानी से संबंधित काफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, दलीप जायसवाल, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राजा देवनानी, जिला मंत्री अनूप सिंह, हीरा मरकाम सहित जनप्रतिनिधिगण तथा वाइल्ड लाईफ एक्सपर्ट मीतू गुप्ता, डॉ. ए. शा. अरूण, अविनाश यादव, आशीष जांगिड़, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

रायपुर के बजाए अब जिलो में हो रहे कार्यक्रम

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरुण पाण्डेय ने कहा कि वन मंत्री के निर्देश पर इस वर्ष प्रदेश स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन राजधानी रायपुर तक सीमित न रखकर विभिन्न जिलों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति आम लोगों में जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना है। जिलों में कार्यक्रम आयोजित होने से स्थानीय स्तर पर लोगों को सीधे जुड़ने का अवसर मिल रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ओपी यादव ने भी संबोधित किया। कलेक्टर कुंदन कुमार ने भी वन्यजीव पर प्रकाश डाला। मुख्य वन संरक्षक कांकेर विवेकानंद झा ने आभार प्रदर्शन किया। वनमंडलाधिकारी शशिगानंदन के. ने कांकेर वनमंडल में सक्रिय वन्यजीवों के बारे में प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य में वन्यप्राणियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में बाघों की संख्या 17 से बढ़कर 35-36 तक पहुंच गई है। देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व गुरुघासीदास-तमोरपिंगला छत्तीसगढ़ में स्थित है। इसी तरह बारनवापारा अभ्यारण्य में ब्लैक बक (काला हिरण) की संख्या लगभग 30 से बढ़कर 250 तक पहुंच गई है। काला हिरण को गोमार्डा अभ्यारण्य में भी शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में छत्तीसगढ़ में हाथियों की संख्या लगभग 250 थी, जो अब बढ़कर 450 से अधिक हो गई है। राज्य में हाथियों के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं तथा मानव-हाथी द्वंद्व से संबंधित शिकायतों में भी कमी देखने को मिल रही है। वन मंत्री ने कहा कि वनों को बचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमारे आसपास पाए जाने वाले गौरैया, गिद्ध और कौआ जैसे पक्षी भी धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर बढ़ रहे हैं, इसलिए इनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बीजापुर जिले में गिद्ध संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि इन्द्रावती टाइगर सफारी को शीघ्र ही पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।

कांकेर वनमंडल के लिए 3 महत्वपूर्ण घोषणाएं

कार्यक्रम के दौरान वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कांकेर वनमंडल में वन्यप्राणी संरक्षण एवं मानव-वन्यप्राणी संघर्ष की रोकथाम के लिए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने हिंसक वन्यप्राणियों की सटीक लोकेशन ट्रेसिंग के लिए रेडियो कॉलरिंग हेतु 40 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। इसके अलावा एआई कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी तथा ग्रामीणों को मोबाइल अलर्ट भेजने के लिए एप निर्माण हेतु 20 लाख रुपये स्वीकृत किए जाने की घोषणा की। वन्यप्राणियों के त्वरित एवं सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए आधुनिक उपकरण तथा एक नया रेस्क्यू वाहन उपलब्ध कराने की भी घोषणा की गई।

वन और वन्यप्राणी एक-दूसरे के पूरक

कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वन्यप्राणी और मानव एक-दूसरे के पूरक हैं। पक्षी कीट प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और किसानों के सहयोगी हैं। वर्तमान में गौरैया, गिद्ध और कौआ जैसे पक्षी विलुप्त होने के कगार पर हैं, इसलिए इनके संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वन्यप्राणियों के साथ-साथ वनों को बचाना भी जरूरी है। इसके लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी और नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने भी संबोधित किया।

निर्वाचन आयोग के खिलाफ कांग्रेस ने काले कपड़े पहनकर किया प्रदर्शन



राजीव भवन के सामने पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे 1 | पात्र मतदाताओं के काटे गए नाम वापस जोड़ने की माँग की 2

कांकेर। लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर राजीव भवन के सामने एकत्र हुए और भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस मनाते हुए निर्वाचन आयोग की जवाबदेही तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में विपक्षी नेताओं और इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर भी विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सदस्य राजेश तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता और जनप्रतिनिधियों की आवाज को दबाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था का ⏭ शेष पेज 12 पर

नकटी नदी पुलिया जर्जर, हादसे की आशंका, नए निर्माण की मांग बुलंद



सरोना। नरहरपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरादाह की नकटी नदी पुलिया लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। पुलिया के किनारे का हिस्सा कई जगह से टूट चुका है और सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नकटी नदी पुलिया की हालत काफी खराब हो चुकी है। पुलिया के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त हो गए हैं और बीच सड़क में गड्ढे बनने से दो पहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। रात के समय इस मार्ग से गुजरना और भी खतरनाक हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नकटी नदी पर नई पुलिया के निर्माण की मांग शासन-प्रशासन से कई बार की जा चुकी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर मरम्मत की जाती है, लेकिन यह मरम्मत अस्थायी साबित होती है और कुछ समय ⏭ शेष पेज 12 पर

आईईडी विस्फोट की साजिश के दो दोषियों को दस-दस साल की सजा

एनएआई कोर्ट का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



चिलपरस पहाड़ी जंगल में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए विस्फोटक रखने का मामला

चिलपरस नयापारा पहाड़ी जंगल में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी विस्फोट की साजिश और विस्फोटक सामग्री रखने के मामले में भानुप्रतापपुर की विशेष NIA अदालत ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और 2-2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष सत्र न्यायाधीश (एनएआई) दीपक के. गुप्ता ने 8 अक्टूबर 2026 को मामले में फैसला सुनाया। दोनों आरोपियों की सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इस मामले की विवेचना अंतागढ़ के तत्कालीन डीएसपी अमर सिदार ने किया था।

न्यायालय के निर्णय के अनुसार मामला थाना कोयलीबेड़ा के अपराध क्रमांक 20/2023 से संबंधित है। घटना 28 अक्टूबर 2023 को चिलपरस नयापारा पहाड़ी जंगल क्षेत्र में हुई थी। अभियोजन के अनुसार डीआरजी अंतागढ़ और बीएसएफ की संयुक्त टीम नक्सली गतिविधियों की सूचना पर सर्चिंग अभियान पर निकली थी। दोपहर करीब 3 बजे चिलपरस नयापारा पहाड़ी जंगल के पास कुछ संदिग्ध लोग भागते मिले, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनकी पहचान सानू कोमरा और अर्जुन कुमार साहू, दोनों निवासी बेड़ापारा आलपरस, थाना कोयलीबेड़ा के रूप में हुई। अभियोजन के मुताबिक सानू कोमरा के कब्जे से एक बोरी में 9 डेटोनेटर ⏭ शेष पेज 12 पर

कई धाराओं में दोषमुक्त किया

मामले में अभियोजन ने आरोप लगाया था कि आरोपी अन्य नक्सलियों के साथ मिलकर सुरक्षा बलों को विस्फोट के जरिए नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी लगाने की तैयारी में थे। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर धारा 120(ख) भारतीय दंड संहिता और धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोनों को दोषी पाया। हालांकि विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 38(2) और 39(2) के आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित नहीं पाए जाने पर दोनों को इन धाराओं में दोषमुक्त कर दिया गया।

यह सुनाई गई सजा

सजा के रूप में दोनों आरोपियों को धारा 120(ख) के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास व 2 हजार रुपये अर्थदंड, जबकि धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत भी 10 वर्ष सश्रम कारावास व 2 हजार रुपये अर्थदंड दिया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर प्रत्येक धारा में अतिरिक्त तीन माह की सजा का प्रावधान किया गया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। न्यायालय ने यह भी दर्ज किया कि दोनों आरोपी 28 अक्टूबर 2023 से 8 अक्टूबर 2026 तक कुल 2 वर्ष 11 माह 11 दिन न्यायिक अभिरक्षा में रहे।

पुलिस ने समितियों की बैठक में नवरात्रि के लिए तय की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर



आगामी नवरात्रि एवं दुर्गा उत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पखांजूर पुलिस ने दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

थाना पखांजूर में 8 अक्टूबर को आयोजित बैठक में पखांजूर, कापसी, संगम, मथुरा बाजार सहित क्षेत्र की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य से प्रतिमा स्थापना से लेकर पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विसर्जन तक पर चर्चा किया गया। पुलिस ने समितियों को निर्देशित किया कि दुर्गा पंडाल का निर्माण सुरक्षित एवं उपयुक्त स्थान पर किया जाए। विद्युत कनेक्शन और वायरिंग को सुरक्षित रखने के साथ पंडाल में फायर एक्सटिंग्विशर, रेत एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आपात स्थिति में श्रद्धालुओं के सुरक्षित निकास के लिए पर्याप्त मार्ग खुला रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा पंडाल और आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की ड्यूटी निर्धारित करने की समझाइश दी गई। महिला और बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। बैठक में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए ⏭ शेष पेज 12 पर

दल्ली में दो ट्रकों से 12 हजार रुपए के बैटरी वायर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भानुप्रतापपुर नगर में खड़े वाहनों से चोरी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़े दो ट्रकों को निशाना बनाते हुए उनके बैटरी वायर चोरी कर लिए। चोरी गए वायर की कीमत करीब 12 हजार रुपये बताई गई है। घटना के बाद वाहन चालू नहीं हो पाने से ट्रक मालिक को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर निवासी मो. परवेज शेखानी पिता मो. उस्मान शेखानी ने पुलिस को बताया कि ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। उनके ट्रक क्रमांक सीजी 24 एफ 9055 एवं सीजी 19 बीएफ 3139 दल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़े थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने दोनों वाहनों के बैटरी वायर काटकर चोरी कर लिए। वाहन मालिक के अनुसार चोरी किए गए बैटरी वायर की अनुमानित कीमत करीब 12 हजार रुपये है। वायर चोरी होने के कारण दोनों ट्रक चालू नहीं हो पा रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद वाहन मालिक ने भानुप्रतापपुर थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत में उन्होंने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज ⏭ शेष पेज 12 पर

सेवा संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने रखी मांग का आया बेहतर परिणाम

आमाबेड़ा में अब 24 घंटे की एएलएस एंबुलेंस सेवा

दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को अब गंभीर मरीजों को बेहतर एवं समय पर चिकित्सा सुविधा दिलाने में बड़ी राहत मिलेगी। सेवा संकल्प अभियान के तहत आमाबेड़ा में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र के लिए एंबुलेंस की मांग रखी थी।



हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रवासियों को दी एंबुलेंस की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्रामीणों की इस मांग पर विधायक विक्रम उसेंडी ने तत्काल पहल करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से चर्चा की। विधायक की पहल के बाद महज 24 घंटे के भीतर आमाबेड़ा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम एंबुलेंस उपलब्ध करा दी गई। आमाबेड़ा क्षेत्र भौगोलिक रूप से काफी दुर्गम है। ऐसे में गंभीर बीमारी, दुर्घटना या आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती रहा है। विशेष रूप से गंभीर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा वाले अस्पताल तक ले जाने के दौरान समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में क्षेत्र को एएलएस एंबुलेंस मिलने से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सामने रखते हुए एंबुलेंस की आवश्यकता बताई थी। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल चर्चा कर आमाबेड़ा क्षेत्र के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराने का आग्रह ⏭ शेष पेज 12 पर

स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि आमाबेड़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों की मांग पर त्वरित पहल करते हुए क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक एएलएस एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति के दौरान मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में यह एंबुलेंस महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आगे भी लगातार प्रयास किए जाएंगे।

1344 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

सेवा संकल्प अभियान के तहत आमाबेड़ा में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में कुल 1344 लाभार्थियों का पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 139 लोगों की सोनोग्राफी, 17 लोगों की ईसीजी जांच तथा 728 लोगों की रक्त जांच की गई। वहीं 1110 लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में 49 लोगों की टीबी एवं अन्य संबंधित जांच की गई। इसके अलावा 67 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 36 लोगों को चश्मे वितरित किए गए तथा 65 लोगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया।

खबर संक्षेप



यूसीसी को लेकर आदिवासी समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

केशकाल। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के दायरे से अनुसूचित जनजातियों को पूरी तरह बाहर रखने की मांग को लेकर आज गोंडवाना समन्वय समिति उपखंड कुड़ेभारी, ब्लॉक केशकाल एवं विभिन्न जनजातीय संगठनों ने तहसीलदार केशकाल के माध्यम से यूसीसी समिति अध्यक्ष रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आदिवासी समाज कानून, न्याय और सामाजिक सुधार का विरोधी नहीं है, लेकिन भारतीय संविधान ने अनुसूचित जनजातियों की विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक और आर्थिक परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए उनके लिए विशेष संवैधानिक प्रावधान किए हैं। आदिवासियों को यूसीसी से बाहर रखने का संवैधानिक आधार क्या होगा और क्या यह केवल रूढ़ि एवं प्रथा पर आधारित होगा? पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के साथ यूसीसी का संबंध स्पष्ट किया जाए। छत्तीसगढ़ का बड़ा क्षेत्र पांचवीं अनुसूची में आता है। मिश्रित विवाह की स्थिति में तलाक, उत्तराधिकार, संतान के अधिकार जैसे मामलों में कौन सा कानून लागू होगा, यह स्पष्ट नहीं है। आदिवासी समाज को केवल विवाह-परंपरा तक सीमित न देखा जाए, इसका संबंध जल, जंगल, जमीन, ग्राम सभा, स्वशासन और संस्कृति से भी है। बस्तर में स्थापित बड़े उद्योगों में स्थानीय आदिवासी युवाओं की भर्ती, रोजगार और भागीदारी के आंकड़े सार्वजनिक किए जाएं। समाज ने उत्तराखंड में लागू यूसीसी में आदिवासियों को छूट दायरे से बाहर रखने के उदाहरण का भी उल्लेख किया और मांग की कि छत्तीसगढ़ की सभी अनुसूचित जनजातियों को प्रस्तावित यूसीसीस के दायरे से पूर्णतः बाहर रखा जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, अनुसूचित जनजाति आयोग और कलेक्टर कोंडागांव को भी भेजी गई है। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, ग्रामप्रमुख और जनजातीय समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे।

सप्ताहभर में कई बार जाम की चपेट में आया केशकाल घाट, घंटों फंसे रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान रखने वाला केशकाल घाट इन दिनों बार-बार लगने वाले जाम के कारण चर्चा में है। बीते एक सप्ताह के भीतर घाट में कई बार जाम की स्थिति बन चुकी है। इसके चलते छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लगने से राहगीरों, यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर घाट के घुमावदार और संकरे हिस्सों में किसी भारी वाहन के खराब होने या वाहनों के आमने-सामने फंस जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर यातायात व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल, स्थायी समाधान की दरकार

घंटों थमे रहते हैं वाहनों के पहिए

केशकाल घाट से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री बसें, मालवाहक ट्रक, निजी वाहन और अन्य वाहन गुजरते हैं। ऐसे में घाट में जाम लगने का सीधा असर पूरे राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के यातायात पर पड़ता है। जाम के दौरान कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग जाती है और यात्रियों को घंटों सड़क पर इंतजार करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को होती है, जिन्हें समय पर अस्पताल, परीक्षा, नौकरी, व्यवसाय या अन्य जरूरी काम के लिए आगे जाना होता है। जाम में एंबुलेंस या आपातकालीन वाहनों के फंसने की स्थिति भी गंभीर चिंता का विषय बन सकती है।



यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल

बार-बार जाम लगने के बाद लोगों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि आखिर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग की स्थायी कार्ययोजना क्या है? क्या घाट में ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां भारी वाहन खराब होने की स्थिति में तत्काल हटाया जा सके? क्या यातायात पुलिस और संबंधित विभाग के पास जाम से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन और त्वरित व्यवस्था उपलब्ध है? स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम लगने के बाद व्यवस्था बनाने की कवायद शुरू करने के बजाय पहले से ही संवेदनशील स्थानों पर निगरानी और आवश्यक इंतजाम किए जाने चाहिए।

स्थायी समाधान की मांग

केशकाल घाट केवल स्थानीय आवागमन का मार्ग नहीं है, बल्कि बस्तर को प्रदेश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसलिए यहां बार-बार लगने वाले जाम को केवल स्थानीय समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बाईपास का निर्माण जारी है जिसके बनते ही इसकी स्थाई समस्या का इलाज मिल जाएगा लेकिन इसमें अभी काफी समय इसलिए लोगों ने प्रशासन, यातायात पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि घाट में बार-बार जाम लगने के कारणों की समीक्षा कर स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत का कोण्डागांव में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

कांग्रेस जनता के हितों और अधिकारों के लिए संघर्ष करती है और आगे भी जनता की आवाज उठाती रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी सुखदेव भगत का बुधवार शाम कोण्डागांव आगमन पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के नेतृत्व में रायपुर नाका से बस स्टैंड तक बाइक रैली निकाली गई।

- पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के नेतृत्व में निकाली बाइक रैली, बस स्टैंड में हुआ स्वागत

कोण्डागांव के प्रवेश द्वार रायपुर नाका पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांदरी बाजा, ढोल–नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ सुखदेव भगत का स्वागत किया। इसके बाद वे खुली जीप में सवार होकर बाइक रैली में शामिल हुए। रैली मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंची।





बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री मरकाम सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्री भगत का गजमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश सहप्रभारी एस.ए. संपत एवं जरीता लैतफ्लांग का भी स्वागत किया गया।

प्रदेश प्रभारी श्री भगत ने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही। श्री भगत ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेस के रुख को सामने रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक उठाती रहेगी। उनके ये वक्तव्य पार्टी के राजनीतिक रुख के रूप में सामने आए।

श्री भगत ने बस्तर में बाढ़ की स्थिति का उल्लेख करते हुए प्रभावित लोगों को राहत और सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश दौरे का जिक्र करते हुए सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया और कहा कि संकट की स्थिति में बाढ़ प्रभावित लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाना जरूरी है।

स्वागत कार्यक्रम के बाद श्री भगत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी की स्थिति की जानकारी ली तथा संगठन को मजबूत करने के संबंध में मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए।

कार्यकर्ताओं से मुलाकात और संगठनात्मक चर्चा के बाद श्री भगत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ जगदलपुर के लिए रवाना हुए।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रवि घोष, महामंत्री जे.पी. यादव, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती राज मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय करन, गौतम साहू, देवेंद्र कोर्राम, महिला शहर अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन सहित मंडल अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खंभे पर तार निकालते समय करंट से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर पंचायत के आश्रित ग्राम पासंगी में मंगलवार को बिजली के खंभे पर तार निकालने के दौरान करंट की चपेट में आने से 19 वर्षीय विकास मरकाम निवासी छिंदली की मौत हो गई। साथी कर्मचारी उसे तत्काल फरसगांव अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फरसगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार विकास मरकाम बिलासपुर के ठेकेदार के अधीन करीब 15 कर्मचारियों के साथ फरसगांव से रांधना तक पुराने बिजली तार हटाने और नए तार लगाने का काम कर रहा था। मंगलवार सुबह टीम पासंगी पहुंची थी। कुछ कर्मचारी जमीन पर तार फैला रहे थे, जबकि विकास खंभे पर चढ़कर तार निकाल रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया।

सुरक्षा उपकरणों को लेकर उठे सवाल

मृतक के साथी श्रवण नेताम के अनुसार क्षेत्र के बालोद, तरईबेडा और छिंदली के कुछ युवक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे हैं। उनका दावा है कि कर्मचारियों का बीमा नहीं कराया गया है और घटना के समय पर्याप्त सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

बिजली विभाग ने जांच की बात कही

फरसगांव बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री विनोद मरकाम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने बताया कि कार्य बिलासपुर की मेसर्स मां शारदा इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर द्वारा कराया जा रहा था।

वायु सेना है देश की सुरक्षा की मजबूत प्रहरी : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडपड़ी में वायु सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर ने भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 को हुई थी और वर्ष 2026 में वायु सेना अपना 94वां स्थापना दिवस मना रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आधुनिक तकनीक, परिचालन क्षमता, सटीकता और साहस के साथ वायु योद्धा देश की सीमाओं की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने भारतीय वायु सेना के वीर जवानों एवं शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए दिया गया।

- खड़पड़ी स्कूल में मनाया गया वायु सेना दिवस
- भारतीय वायु योद्धाओं के शौर्य, साहस और बलिदान को किया नमन



फुटबॉल स्पर्धा का खिताब भैंसगांव जूनियर ने जीता

अंतागढ़। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर संजय क्लब अंतागढ़ के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय विकासखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भैंसगांव जूनियर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बोगन की टीम को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में अंतागढ़ विकासखंड क्षेत्र की करीब 16 टीमों ने हिस्सा लिया। छह दिनों तक चले इस आयोजन में खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मैदान में मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फाइनल मुकाबला भैंसगांव जूनियर और बोगन के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शुरुआत से ही



आक्रामक और तेज खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में दोनों ओर से गोल करने के कई प्रयास किए गए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। इसके चलते पहला हाफ 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने बढ़त बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। इसी दौरान भैंसगांव जूनियर के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल बनाते हुए एक गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। गोल के बाद बोगन की टीम ने बराबरी के लिए लगातार आक्रमण किए, लेकिन भैंसगांव जूनियर की मजबूत रक्षापंक्ति और गोलकीपर के शानदार प्रदर्शन के कारण बोगन की टीम गोल नहीं कर सकी। अंतिम सीटी बजने तक भैंसगांव जूनियर ने 1-0 की बढ़त कायम रखी और प्रतियोगिता का विजेता बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीम को सम्मानित किया गया।

विश्व दृष्टि दिवस पर आईटीआई अंतागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम

अंतागढ़। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर गुरुवार 8 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंतागढ़ में नेत्र सुरक्षा एवं दृष्टि संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़, समर्थन रायपुर एवं साइटसेवर्स एनजीओ के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ से नेत्र सहायक रामलु पोटामी, मोबिलाइजर महेश दर्रो एवं नेत्र सहायक भुवनेश्वर देहारी उपस्थित रहे। उन्होंने आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों को आंखों की देखभाल, नेत्र सुरक्षा, दृष्टि संबंधी समस्याओं से बचाव तथा नेत्रदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों ने आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक सावधानियों और दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली अच्छी आदतों के बारे में भी प्रशिक्षणार्थियों को जागरूक किया। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर अपनी आंखों से प्रेम विषय पर निबंध, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतिभागियों द्वारा आंखों की सुरक्षा, दृष्टि संरक्षण एवं नेत्रदान से जुड़े संदेशों को विभिन्न रचनात्मक माध्यमों से प्रस्तुत किया गया।



पेज 11 के शेष...

निर्वाचन आयोग के खिलाफ...

महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की जवाबदेही तय करने और उनके इस्तीफे की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठा रही है। उन्होने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि गलत तरीके से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम पुनः जोड़े जाएं और मतदाता सूची में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए।

आयोजित कार्यक्रम में सरजू शोरी, उदय प्रकाश शर्मा बंटी, गफ्फार मेमन, मनोज जैन, संग्राम नेताम, लोमेंद्र यादव, अजय रेनू, विजय यादव, बबलू देवांगन, मतीन खान, मुकेश तिवारी, दीपक शोरी, चंद्रलोक ठाकुर, सोमेश सोनी, मकबूल खान, पुरुषोत्तम सिन्हा, बाबा ठाकुर, शेष गजबिय, आलोक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नकटी नदी पुलिया जर्जर, हादसे की...

बाद स्थिति फिर से खराब हो जाती है। आसपास के ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पुलिया का नया निर्माण नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। भारी वाहनों के गुजरने पर पुलिया और अधिक कमजोर हो रही है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। ग्राम पंचायत सरपंच प्रशांत भास्कर ने बताया कि इस कार्य के लिए बजट के लिए उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक आवेदन दिया गया है। कार्य की स्वीकृति और बजट पास करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन अभी तक कोई बजट पास नहीं हुआ है।

ग्रामीणों एवं गांव के लोगों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि नकटी नदी पुलिया का नया एवं मजबूत निर्माण जल्द कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि नया पुल बनने से आवागमन सुरक्षित हो सकेगा और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सकेगा।

आईईडी विस्फोट की साजिश...

लाल-काले रंग का वायर, स्विच, प्लास्टिक रस्सी, छर्रे, लोहे का टुकड़ा और मोबाइल फोन बरामद किया गया था, वहीं अर्जुन कुमार साहू के पास से दो लोहे के पाइप बम और मोबाइल फोन बरामद होने की बात न्यायालयीन रिकॉर्ड में दर्ज है। जांच के दौरान विस्फोटक सामग्री को परीक्षण के लिए भेजा गया तथा संबंधित दस्तावेज और वैज्ञानिक रिपोर्ट भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक त्रिभुवनशंकर यादव ने किया।

पुलिस ने समितियों की बैठक में...

गए। पुलिस ने कहा कि लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि उपकरणों का उपयोग सक्षम प्राधिकारी की अनुमति तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार ही किया जाए। विसर्जन के दौरान निर्धारित मार्ग और स्थल का ही उपयोग करने तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित न करने के निर्देश दिए गए। जुलूस में पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों की तैनाती और अनुशासन बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

दल्ली में दो ट्रकों...

कर चोरी गए सामान की बरामदगी तथा आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

पुलिस अब घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सहित अन्य संभावित सुरागों के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में खड़े वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी वाहन मालिकों में चिंता देखी जा रही है।

आमाबेड़ा में अब 24 घंटे की एएलएस...

किया। विधायक की पहल के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई। इसके बाद विधायक विक्रम उसेंडी ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को क्षेत्र के लोगों के लिए रवाना किया और इसे आमाबेड़ा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताया।

पीएम सूर्य घर योजना से मिली बिजली बिल से मुक्ति और अतिरिक्त लाभ भी

कांकेर। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जिले के ग्रामीण परिवार सौर ऊर्जा को अपनाकर बिजली खर्च में बचत कर रहे हैं। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम किरगापाटी निवासी विष्णु राम हिड़को ने भी इस योजना का लाभ लेते हुए फरवरी 2026 में अपने घर पर 03 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है।

विष्णु राम हिड़को ने बताया कि सोलर पैनल लगवाने से पहले उनके घर का बिजली बिल प्रतिमाह लगभग 300 से 500 रुपये तक आता था। सोलर



पैनल स्थापित होने के बाद पिछले चार महीनों से उनका बिजली बिल शून्य होने के साथ-साथ कई बार माइनस में भी दर्ज हो रहा है। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल से घर की आवश्यकता से अधिक बिजली बनने पर अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जा रही है, जिसके कारण उनके बिजली खाते में क्रेडिट दर्ज हो रहा है।

कांग्रेस के आरोप हैं निराधार, भाजपा को बदनाम करने की कोशिश संतोष

सरोना। मवेशी मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा बजरंग दल एवं भाजपा का पुतला दहन किए जाने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। मामले को लेकर भाजपा मंडल नरहरपुर अध्यक्ष संतोष कुमार भास्कर ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि किसी भी मामले में पूरी सच्चाई और जांच के तथ्य सामने आने से पहले किसी राजनीतिक संगठन को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है।

संतोष भास्कर ने कहा कि पुलिस द्वारा मामले में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनके संबंध में जांच और कानूनी प्रक्रिया जारी है। ऐसे में किसी व्यक्ति के कथित व्यक्तिगत कृत्य को सीधे पूरे संगठन से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि दोषी चाहे किसी भी संगठन, वर्ग या विचारधारा से जुड़ा हो, उसके खिलाफ कानून के अनुसार निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



सेवा सेतु शिविर में समस्या निपटी 4 वर्षीय राकेश का बना आधार कार्ड

कांकेर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु शिविर ग्रामीणों के लिए शासन की योजनाओं और सुविधाओं को उनके द्वार तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ मिलने से उनकी वर्षों से चली आ रही छोटी-बड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।

कोयलीबेड़ा विकासखंड में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु शिविर में भी ऐसी ही एक प्रेरक कहानी सामने आई, जहां एक मां के लिए अपने छोटे बच्चे का आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया आसान और सुगम हो गई। कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पुलुंजसाल्हेभाट निवासी शांति दर्रो अपने 4 वर्षीय बच्चे राकेश का आधार कार्ड बनवाने के लिए सेवा सेतु शिविर में पहुंचीं। ग्रामीण क्षेत्र में रहने के कारण आधार पंजीयन के लिए अलग से कार्यालय जाने, समय निकालने और आने-जाने की परेशानी उनके सामने थी। शिविर की जानकारी मिलने पर उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाने का निर्णय लिया और अपने बच्चे को लेकर शिविर स्थल पर पहुंचीं। शांति दर्रो ने बताया कि उन्हें सेवा संकल्प अभियान के तहत कोयलीबेड़ा में सेवा सेतु शिविर के आयोजन की जानकारी मिली थी। उन्होंने सोचा कि यदि शिविर में ही आधार पंजीयन की सुविधा मिल जाए तो उनके बच्चे का आधार आसानी से बन सकता है। इसी उम्मीद के साथ वे अपने 4 वर्षीय बेटे राकेश को लेकर शिविर में पहुंचीं।



शिविर स्थल पर आधार पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें किसी अन्य कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। मौके पर ही उनके बच्चे के आधार पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। अपने बच्चे का आधार पंजीयन आसानी से पूरा होने पर शांति दर्रो के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने कहा कि गांव से दूर जाकर आधार कार्ड बनवाने में समय और आने-जाने की परेशानी होती, लेकिन सेवा सेतु शिविर के माध्यम से यह सुविधा उनके गांव और क्षेत्र के नजदीक ही उपलब्ध हो गई। इससे उनका समय और श्रम दोनों बचा।

खबर संक्षेप

शौचालय के गड्ढे में गिरी गाय कर्मियों ने बचाई जान



बस्तर। नगर पंचायत बस्तर के भाटीपारा वार्ड 12 में एक गाय की जान नगर पंचायत कर्मचारियों की तत्परता से बच गई। जानकारी के अनुसार एक घर के पीछे खंडहर में स्थित शौचालय के पुराने गड्ढे को घास-फूस से ढका था। घास चरने के दौरान गाय उस गड्ढे में गिर गई और बाहर निकलने के लिए तड़पने लगी। वार्डवासियों ने तुरंत नगर पंचायत को सूचना दी। सूचना मिलते ही कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। गाय के सकुशल निकलने पर वार्डवासियों ने नगर पंचायत कर्मचारियों के मानवीय कार्य की सराहना की।

41 खाद्य कारोबारियों ने लिया फोस्टेक प्रशिक्षण



बीजापुर। आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य कारोबारियों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बीजापुर में बेसिक फोस्टेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के 41 खाद्य कारोबारियों ने भाग लेकर खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं खाद्य पदार्थों के सुरक्षित रखरखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा के निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं।

रंगों में सजा नक्सल मुक्त बीजापुर का संकल्प



बीजापुर। कभी नक्सल हिंसा और दुर्गम परिस्थितियों की चुनौतियों से जूझने वाला बीजापुर अब शांति, विश्वास और विकास की नई पहचान गढ़ रहा है। इसी परिवर्तन की प्रेरणादायी तस्वीर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम में देखने को मिली। जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में 'नक्सल मुक्त बीजापुर एवं विकसित बीजापुर' की थीम पर 76 गुणा 76 फीट क्षेत्रफल में तैयार की गई विशाल एवं आकर्षक रंगोली ने जिले के बदलते स्वरूप को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत का आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विधायक के नेतृत्व में बालेगा से बस्तर और कुदालगांव तक कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुखदेव भगत के 7 अक्टूबर को प्रथम बार बस्तर विधानसभा क्षेत्र आगमन पर

- प्रथम बस्तर आगमन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में



कार्यकर्ताओं ने बालेगा, बस्तर मुख्यालय, कुदालगांव सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर प्रदेश प्रभारी का आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के बस्तर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर सबसे पहले ग्राम पंचायत बालेगा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। विधायक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और उत्साहपूर्वक प्रदेश प्रभारी का अभिनंदन किया। इसके बाद बस्तर विधानसभा मुख्यालय नगर पंचायत बस्तर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों ने सुखदेव भगत का आत्मीय स्वागत किया। यहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी और उत्साह का परिचय दिया। वहीं ग्राम पंचायत कुदालगांव में भी प्रदेश प्रभारी के पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बालेगा से बस्तर मुख्यालय और कुदालगांव तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकावंड एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करपावंड के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे और प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। दोनों ब्लॉकों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी सक्रियता और एकजुटता का परिचय दिया। सुखदेव भगत के प्रथम बस्तर विधानसभा आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। स्वागत कार्यक्रमों में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मशाल रैली में देशभक्ति और सेवा भावना के लगाए गए नारे

यात्रा सेवा, समर्पण व जनजागरूकता का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर पंचायत गीदम क्षेत्रांतर्गत सेवा ज्योति यात्रा के तहत मशाल रथ के साथ मशाल रैली निकाली गई। यह रैली नया बस स्टैंड से प्रारंभ होकर हारम चौक होते हुए पुनः नया बस स्टैंड तक निकाली गई। रैली का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना द्वारा मशाल जलाकर किया गया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सेवा ज्योति यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा सेवा, समर्पण और जनजागरूकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष, पार्षदगण, एल्डरमेन, जनप्रतिनिधिगण, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, शिक्षकगण, नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारीगण और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में नगर के नागरिकों ने भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया। मशाल रथ के साथ निकली इस रैली में देशभक्ति और सेवा भावना के नारे लगाए गए। पूरे मार्ग में नागरिकों ने रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रैली का उद्देश्य नागरिकों में सेवा भाव, स्वच्छता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना को जागृत करना था।

नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और सभी को समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी नगरवासियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

मशाल रैली में गूंजे भारत माता की जय के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

नगर पंचायत बस्तर में सेवा सेतु अभियान के तहत नगरीय स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा बुधवार शाम को बड़े ही भव्य रूप से निकाली गई।

लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम बस्तर से मशाल रैली प्रारंभ हुई। हाथों में मशाल और सेवा ज्योति कलश लिए सैकड़ों प्रतिभागी एसडीएम कार्यालय रोड होते हुए महात्मा गांधी गार्डन तक पैदल चले। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और सेवा परमो धर्म के नारों से माहौल गूंज उठा। नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस भव्य यात्रा में नगर पंचायत के पार्षदगण, भाजपा मंडल बस्तर के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, नगर पंचायत के सीएमओ सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्व सहायता समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। महिलाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य नगर



पालिका अधिकारी ने बताया कि सेवा सेतु अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना और नागरिकों में सेवा, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता लाना है। सेवा ज्योति इसी संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम के समापन पर अटल परिसर में सभी ने स्वच्छ बस्तर, विकसित बस्तर और सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। नगर पंचायत ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

ओम सोनी बने भारत स्काउट्स व गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त

गीदम। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ दंतेवाड़ा में ओम सोनी को जिला मुख्य आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सहयोगियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। ओम सोनी ने इस नियुक्ति के लिए मुख्य संरक्षक राज्यपाल रमेन डेका, संरक्षक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अध्यक्ष गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा छग शासन, छग राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, कमिश्नर जिला बस्तर सुरेश गुप्ता का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ करेंगे तथा दंतेवाड़ा जिले में स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं युवाओं में अनुशासन, सेवा, राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जाएंगे। ओम सोनी ने सभी वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा की।



जश्न टीम का शुभारंभ, 67 टीबी मुक्त पंचायतें सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 'जश्न टीम' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का

- स्वास्थ्य टीमों ने घर-घर पहुंचकर मरीजों की पहचान व उपचार की व्यवस्था की

शुभारंभ विधायक चैतराम आटामी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किया। इस अवसर पर जिले को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प के साथ विधायक आटामी ने उपस्थित



जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाई।

जिले में टीबी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य टीमों द्वारा घर-घर पहुंचकर लोगों की जांच, संभावित मरीजों की पहचान तथा उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के तहत इस वर्ष टीबी उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य करने वाली 67 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के रूप में सम्मानित किया गया। इन पंचायतों के सरपंचों को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम आटामी ने जिले के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन के लिए युवा नेतृत्व, जनभागीदारी एवं सामाजिक एकजुटता के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जागरूकता और सक्रिय सहभागिता से जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सीईओ एम. भार्गव तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी, पी. रवि कुमार, मेघ प्रकाश शेरपा, टीबी जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, माय भारत एवं पिरामल स्वास्थ्य की टीम उपस्थित रही।

विधायक की पहल पर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल की पहल पर बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है। विधायक के निर्देश पर ग्राम पंचायत बोदरा में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस दौरान जनपद सदस्य चेतराम के माध्यम से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की गई। बाढ़ के कारण प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।



राहत सामग्री ग्राम पंचायत तक पहुंचाने एवं वितरण व्यवस्था में नगर पंचायत बस्तर के पार्षद अंकित पारख, कमलेश शील एवं रजनीश पटेल का सहयोग रहा। इस पहल से बाढ़ प्रभावित परिवारों ने राहत मिलने पर आभार व्यक्त किया। स्थानीय स्तर पर लगातार राहत सामग्री पहुंचाए जाने से प्रभावित परिवारों को संकट की इस घड़ी में आवश्यक सहयोग मिल रहा है।

एनीटाईम ग्रॉसरी से अब 24 घंटे कर सकेंगे ग्रॉसरी की खरीदी



बिजनेस साईट

जगदलपुर। अब ग्रॉसरी खरीदना हुआ और भी आसान। एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट में अब 24 घंटे आप अपनी खरीददारी कर सकेंगे।

शहर के लाल चर्च रोड फ्रेजरपुर में 10 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट (बंसल ग्रॉसरी) में गुणवत्तायुक्त किराना, हाउसहोल्ड की सामग्री, किचन एसेसरीज, बाथ आईट्मस, डेयरी एण्ड ब्रेकफास्ट, टी-कॉफी एवं ड्रींक्स, बेकरी एवं स्नैक्स, सॉस एवं इन्सटेंट फुड, फ्रोजन फुड्स, पर्सनल केयर आयटम और भी बहुत कुछ एक ही छत के निचे उपलब्ध होंगे। संचालक ने बताया कि मात्र पांच सौ रूपए की खरीदी करने पर प्ले एरिना में 1 घंटे की फ्री गेमींग का कूपन मिलेगा। साथ ही एनीटाईम ग्रॉसरी से लगे टरकीश यानो आईस्क्रीम शॉप में भी मात्र तीन सौ रुपए की खरीदी पर 1 घंटे की फ्री गेमींग का कूपनपा सकते हैं। इसके अलावा होम प्रोडक्ट्स पर 45 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है। एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट से एक हजार तक की खरीदी पर 3 किमी एरिया तक डिलीवरी फ्री में की जाएगी। एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट एक सुपरमार्केट फ्रैंचाइजी है। जो अपने आउटलेट्स पर ऑपरेशन, ब्रांडिंग और सप्लाई चेन से जुड़ी पूरी मदद प्रदान करता है। जगदलपुर का यह पहला सुपरमार्केट है। यह एक सुविधाजनक स्टोर है जहाँ रोजमर्रा की जरूरी चीजें अच्छी मात्रा में मिलती हैं और देर रात तक खरीदारी की सुविधा है। इसी के साथ इससे लगे भारत के लोकप्रिय कैफे और चाय आधारित फ्रैंचाइजी ब्रांड द चाय ठेका में अब शौकिनों की भीड़ देखी जा रही है। लोग विभिन्न तरह की चाय की चुस्की लेते हुए बंसल प्ले एरिना के गेम्स के मजे भी ले रहे हैं।

विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत 7 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के शंकनी सभाकक्ष में निर्वाचक साक्षरता क्लब (ईएलसी) के नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के शासकीय एवं अर्द्धशासकीय हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों के नोडल शिक्षक, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने शैक्षणिक संस्थानों में रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध एवं नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके संभावित मतदाताओं तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म-06 भरवाने पर विशेष जोर दिया।

मास्टर ट्रेनर्स ने नोडल शिक्षकों को प्ले स्टोर से 'ईसीआई, एनआईटी ऐप डाउनलोड करने तथा निर्वाचक साक्षरता क्लब के ऑनबोर्डिंग एवं ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मतदाता सूची की चार अर्हता तिथियों 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर, मतदाता पंजीकरण, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, मॉक पोल तथा फर्जी खबरों के प्रति जागरूकता सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा आयोजित गतिविधियों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

सुखदेव भगत के स्वागत में कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी ने खोली पोल

गीदम। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उनके आगमन को लेकर कुछ स्थानों पर कार्यकर्ताओं में उत्साह भी दिखाई दिया, लेकिन इस पूरे कार्यक्रम में कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान और गुटबाजी भी साफ तौर पर नजर आई। प्रदेश प्रभारी के सामने अपनी ताकत दिखाने की कोशिश में कांग्रेस के अलग-अलग नेताओं के समर्थक अलग-अलग समूहों में नजर आए। रैली के दौरान कुछ नेता अपने समर्थकों के साथ आगे चलते दिखाई दिए, जबकि पीछे चल रहे कार्यकर्ता अपने-अपने नेताओं के समर्थन में नारे लगाते रहे। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दंतेवाड़ा कांग्रेस वास्तव में एकजुट है या फिर अलग-अलग गुटों में बंटी हुई है।



खबर संक्षेप



कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा घायल

कांकेर। घुमर से भैसासुर बाजार जा रहे एक परिवार की मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 15 वर्षीय किशोर और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज रायपुर में जारी है। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम घुमर निवासी रूकाय बाई दुग्गा ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 5 बजे उनका नाती खिलेश्वर दुग्गा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 8603 पर अपनी मां सीमा दुग्गा और दादी को बैठाकर ग्राम घुमर से भैसासुर बाजार जा रहा था। इसी दौरान भैसासुर पुलिया मोड़ के पास सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 24 एस 8634 ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। कार चालक घनश्याम चंद्राकर वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार खिलेश्वर और उसकी मां सीमा दुग्गा को गंभीर चोटें आईं। सीमा दुग्गा हादसे के बाद मौके पर बेहोश हो गईं। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार रघबती दुग्गा को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए 23 अक्टूबर तक मौका

दुर्गूकोंदल। राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 8वीं में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों से सत्र 2026-27 की परीक्षा के लिए 23 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन निःशुल्क होगा। कक्षा 7वीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक तथा पालक की वार्षिक आय 3.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। एससी-एसटी विद्यार्थियों को 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी।

एसआईआर में छूटे और युवा मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए घर-घर जाएंगे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर कुंदन कुमार, भाप्रसे के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 27 सुपरवाइजरों की बैठक एवं प्रशिक्षण तहसील सभा कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर अनिकेत अशोक फटतरे, भाप्रसे ने की। बैठक में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण एवं एसआईआर में छूटे मतदाताओं तथा युवा मतदाताओं के चिन्हांकन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम एवं ईआरओ अनिकेत अशोक फटतरे ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक माह तक सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। इस दौरान एसआईआर में छूटे मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। यदि ऐसे मतदाता वर्तमान में संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र में निवासरत पाए जाते हैं, तो नियमानुसार उनका नाम पुनः निर्वाचक नामावली में जोड़े जाने की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों, कॉलेजों तथा आईटीआई में भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया की जाएगी। सभी स्कूलों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन किया जा चुका है। 9 से 15 अक्टूबर तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे शिविर शुरू होने से पहले संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों से संपर्क कर पात्र विद्यार्थियों की सूची तैयार करवाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य राष्ट्रीय महत्व का है।

अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग को ऑटो संघ का समर्थन, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



अंतागढ़ को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग को अब विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और कर्मचारी संगठनों का समर्थन मिलने लगा है। इसी क्रम में गुरुवार को अंतागढ़ ऑटो संघ के नेतृत्व में क्षेत्र के ऑटो मालिक धरना स्थल पहुंचे और जिला निर्माण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

ऑटो संघ के सदस्यों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों के साथ सहभागिता की। इस दौरान संघ के सदस्यों ने कहा कि अंतागढ़ क्षेत्र भौगोलिक रूप से काफी विस्तृत है। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में अंतागढ़ को जिला का दर्जा मिलने से क्षेत्रवासियों को प्रशासनिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी और लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। धरना स्थल पर समर्थन देने के बाद ऑटो संघ के सदस्यों और अन्य आंदोलनकारियों ने रैली निकाली। रैली में शामिल लोगों ने अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान आंदोलनकारियों ने अंतागढ़ को जिला बनाने के साथ क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार की मांग उठाई। एसडीएम कार्यालय पहुंचने के बाद ऑटो संघ एवं आंदोलनकारियों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग रखी। ऑटो संघ के आंदोलन में शामिल होने से जिला निर्माण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को समर्थन मिला है। आंदोलनकारियों ने कहा कि अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। उनका कहना है कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और प्रशासनिक जरूरतों को देखते हुए जिला निर्माण जरूरी है। मांग पूरी होने तक आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से जारी रखने की बात भी आंदोलनकारियों ने कही।

पोटगांव में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकली

धनेलीकन्हार। नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने और गांव को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम पोटगांव में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ माध्यमिक शाला के विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

सैकड़ों लोगों ने लिया संकल्प



जागरूकता रैली श्रीराम सरोवर मानस मंच बाजार चौक से प्रारंभ होकर बजरंग चौक, अस्पताल पारा, गौरा चौक और शीतला मंदिर चौक होते हुए पुनः मानस मंच पहुंची। रैली के दौरान विद्यार्थी और ग्रामीण हाथों में नशामुक्ति का संदेश लिए हुए नारे लगाते चल रहे थे। जागो बहना, जागो भाई,नशा मुक्ति की आंधी आई और हम सबका एक ही नारा, नशामुक्त हो पोटगांव हमारा जैसे नारों से पूरा गांव गूंज उठा। रैली के समापन पर उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे स्वयं शराब का सेवन नहीं करेंगे और न ही शराब की बिक्री करेंगे। साथ ही गांव में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने तथा युवाओं और आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए मिलकर प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पंचू राम नायक ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सबसे पहले हमें स्वयं को बदलना होगा। आज हम जो सीख रहे हैं और जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



